नामांक Roll No.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

No. of Questions — 15

No. of Printed Pages — 7

**SS—01—Hindi (C) ( D & D )**

# उच्च माध्यमिक ( मूक-बधिर ) परीक्षा, 2015

# हिन्दी ( अनिवार्य )

समय : $4\frac{1}{4}$ घण्टे

पूर्णांक : 80

**परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :**

(1) परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें ।

(2) **सभी** प्रश्न करने अनिवार्य हैं ।

(3) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर-पुस्तिका में निर्धारित शब्द-सीमा में लिखें ।

(4) जिस प्रश्न के **अ, ब, स, द** भाग हैं, उन सभी भागों का हल एक साथ सतत् लिखें ।

## खण्ड - क

1. निम्नलिखित अपठित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

( उत्तर-सीमा 20 से 40 शब्द )

कुछ भी बन, बस कायर मत बन,
ठोकर मार, पटक मत माथा
तेरी राह रोकते पाहन,
कुछ भी बन, बस कायर मत बन ।
ले-देकर जीना, क्या जीना ?
कब तक गम के आँसू पीना ?
मनवता ने तुझको सींचा,
बहा युगों तक खून पसीना ।

(अ) कवि ने क्या नहीं बनने के लिए कहा है ? 2

(ब) 'ठोकर मार, पटक मत माथा' पंक्ति का आशय समझाइए । 2

(स) 'पाहन' शब्द का अर्थ बताइए । 2

(द) कविता में प्रस्तुत कवि के भावों को समझाइए । 2

2. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

( उत्तर-सीमा 20 से 40 शब्द )

सच्चे वीर पुरुष धीर, गम्भीर और आज़ाद होते हैं । उनके मन की गंभीरता और शान्ति समुद्र की तरह विशाल और गहरी, या आकाश की तरह स्थिर और अचल होती है । वे कभी चंचल नहीं होते । रामायण में वाल्मीकि ने कुंभकरण की गाढ़ी नींद में वीरता का चिह्न दिखलाया है । सच है, सच्चे वीरों की नींद आसानी से नहीं खुलती । वे सत्वगुण के समुद्र में ऐसे डूबे रहते हैं कि उनको दुनिया की खबर ही नहीं होती ।

(अ) सच्चे वीर कैसे होते हैं ? 2

(ब) कवि ने कुंभकरण की गाढ़ी नींद में किसका चिह्न बताया है ? 2

(स) 'परोपकारी' एवं 'विशाल' शब्दों में मूल शब्द एवं उपसर्ग लिखिए । 2

(द) उपर्युक्त गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक दीजिए । 2

**खण्ड - ख**

3. निम्नलिखित विषयों में से किसी **एक** विषय पर 150 शब्दों में निबन्ध लिखिए : 7

(अ) विद्यालय का वार्षिकोत्सव

(ब) होली

(स) मेले का वर्णन

(द) पर्यावरण बचाओ, जीवन बचाओ ।

4. विद्यालय में आयोजित 'वृक्षारोपण' **अथवा** 'खेलकूद-प्रतियोगिताओं' पर समाचार पत्र को प्रेषित करने हेतु एक रिपोर्ट लिखिए । 4

( उत्तर-सीमा 80 से 100 शब्द )

5. निम्नांकित प्रश्नों में से कोई **एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए : 4

( उत्तर-सीमा 80 से 100 शब्द )

(अ) मुद्रित माध्यम में लेखन के लिए कौन-सी बातें ध्यान में रखनी चाहिए ?

(ब) साक्षात्कारकर्त्ता के कोई चार गुण लिखिए ।

(स) विशेष लेखन के क्षेत्र बताइए ।

6. निम्नांकित विषयों में से किसी **एक** विषय पर आलेख लिखिए : 4

( उत्तर-सीमा 80 से 100 शब्द )

(अ) आपके शहर में स्वच्छता अभियान

(ब) बस्ते का बढ़ता बोझ

(स) बिजली-संकट ।

7. निम्नांकित विषयों में से किसी **एक** विषय पर फीचर लिखिए : 4

( उत्तर-सीमा 80 से 100 शब्द )

(अ) प्रिय मित्र

(ब) विद्यालय का पुस्तकालय

(स) आँखों देखी दुर्घटना ।

**खण्ड - ग**

8. निम्नलिखित पठित काव्यांश को ध्यान पूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

प्रात नभ था बहुत नीला शंख जैसे
भोर का नभ
राख से लीपा हुआ चौका
( अभी गीला पड़ा है )
बहुत काली सिल ज़रा से लाल केसर से
कि जैसे धुल गई हो
स्लेट पर या लाल खड़िया चाक
मल दी हो किसी ने
नील जल में या किसी की
गौर झिलमिल देह
जैसे हिल रही हो ।
और
जादू टूटता है इस उषा का अब
सूर्योदय हो रहा है ।

(अ) 'उषा' कविता में गाँव की सुबह का वर्णन करने में कवि ने जिन उपमानों का प्रयोग किया है क्या वे आपकी दृष्टि में उचित हैं ? समझाइए । 2

(ब) कविता में किसका वर्णन किया गया है ? 2

(स) उषा का जादू कब टूटता है ? 2

**अथवा**

बात सीधी थी पर एक बार
भाषा के चक्कर में,
ज़रा टेढ़ी फँस गई ।
उसे पाने की कोशिश में
भाषा को उलटा-पलटा
तोड़ा मरोड़ा
घुमाया फिराया
कि बात या तो बने
या फिर भाषा से बाहर आए —
लेकिन इससे भाषा के साथ-साथ
बात और भी पेचीदा होती चली गई ।

(अ) ''कभी-कभी भाषा के चक्कर में 'सीधी बात' भी टेढ़ी हो जाती है ।'' इस कथन पर अपने तर्क युक्त विचार लिखिए । 2

(ब) 'बात और भी पेचीदा होती चली गई ।' इस कथन का आशय समझाइए । 2

(स) अपनी बात कहने के लिए किस प्रकार की भाषा अपनानी चाहिए ? 2

9. निम्नांकित पठित काव्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

जिन्दगी में जो कुछ है, जो भी है
सहर्ष स्वीकारा है;
इसलिए कि जो कुछ भी मेरा है
वह तुम्हें प्यारा है ।
गरबीली गरीबी यह, ये गंभीर अनुभव सब
यह विचार-वैभव सब
दृढ़ता यह, भीतर की सरिता यह अभिनव सब
मौलिक है, मौलिक है ।

(अ) पठित काव्यांश में कवि का मूल भाव लिखिए । 2

(ब) पठित काव्यांश का काव्यगत सौन्दर्य लिखिए । 2

**अथवा**

उहाँ राम लछिमनहि निहारी । बेले वचन मनुज अनुसारी ॥
अर्ध राति गइ कपि नहिं आयउ । राम उठाइ अनुज उर लायऊ ॥
सकहु न दुखित देखि मोहि काऊ । बंधु सदा तव मृदुल सुभाऊ ॥
मम हित लागि तजेहु पितु माता । सहेहु बिपिन हिम आतय बाता ॥

(अ) पठित काव्यांश का भाव सौंदर्य लिखिये । 2

(ब) पठित काव्यांश का काव्यगत सौंदर्य लिखिये । 2

10. पठित कविताओं की विषय वस्तु से संबंधित दिए गए प्रश्नों में से किन्हीं **दो** के उत्तर दीजिए :

(अ) 'परदे पर वक्त की कीमत है' कहकर कवि ने साक्षात्कार के प्रति अपना किस प्रकार का नज़रिया रखा होगा ? 2

(ब) 'तुझे बुलाता कृषक अधीर, ऐ विप्लव के वीर !' प्रस्तुत कथन में 'विप्लव के वीर' किसे व क्यों कहा गया है ? 2

(स) 'ऊँचे-नीचे करम, धरम-अधरम करि,
पेट ही को पचत, बेचत बेटा-बेटकी ।' यह कवि तुलसीदास के युग का नहीं आज का भी सत्य है । अपने विचार लिखिए । 2

(द) 'रस का अक्षय पात्र सदा का
छोटा मेरा खेत चौकोना ।' पंक्ति में कवि क्या कहना चाहता है ? 2

11. निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

कैसी निर्मम बरबादी है पानी की । देश की कितनी क्षति होती है इस तरह के अंधविश्वासों से । कौन कहता है इन्हें इंद्र की सेना ? अगर इन्द्र महाराज से ये पानी दिलवा सकते हैं तो खुद अपने लिए पानी क्यों नहीं माँग लेते ? क्यों मुहल्ले भर का पानी नष्ट करवाते घूमते हैं, नहीं यह सब पाखण्ड है । अंधविश्वास है । ऐसे ही अंधविश्वासों के कारण हम अंग्रेजों से पिछड़ गए और गुलाम बन गए ।

(अ) इन्द्र किसके देवता हैं ? 2

(ब) कौन-से अंधविश्वास की बात कही है ? 2

(स) 'काले मेघा पानी दे' पाठ में इंद्र की सेना किसे कहा है ? 2

(द) लेखक ने अंग्रेजों से पिछड़ने और गुलाम बनने का क्या कारण बताया है ? 2

**अथवा**

विधवा सास ने पाल-पोस कर बड़ा किया । बचपन में वह गाय चराता, धारोष्ण दूध पीता और कसरत किया करता था । गाँव के लोग उसकी सास को तरह-तरह की तकलीफ़ दिया करते थे, लुट्टन के सिर पर कसरत की धुन लोगों से बदला लेने के लिए ही सवार हुई थी । नियमित कसरत ने किशोरावस्था में ही उसके सीने और बाँहों को सुडौल तथा मांसल बना दिया था । जवानी में कदम रखते ही वह गाँव में सबसे अच्छा पहलवान समझा जाने लगा । लोग उससे डरने लगे और वह दोनों हाथों को दोनों ओर 45 डिग्री की दूरी पर फैलाकर, पहलवानों की भाँति चलने लगा ।

(अ) लुट्टन को किसने पाल-पोस कर बड़ा किया ? 2

(ब) लुट्टन के सिर पर कसरत करने का भूत क्यों सवार हुआ ? 2

(स) लोग लुट्टन से क्यों डरने लगे थे ? 2

(द) लुट्टन कैसे चलने लगा ? 2

12. पाठों की विषयवस्तु पर आधारित निम्नांकित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

(अ) वह कौन-सी प्रथम घटना थी जिसने चैप्लिन के जीवन पर गहरा एवं स्थायी प्रभाव डाला था ? 2

(ब) 'शिरीष के फूल' पाठ के आधार पर बताइए कि लेखक ने 'शिरीष' के समान किन-किन कवियों को बताया । 2

(स) 'जाति-प्रथा भारत में बेरोजगारी का एक प्रमुख कारण है ।' तर्क सहित समझाइए । 3

**अथवा**

बाज़ार के बाज़ारूपन का क्या मतलब है ? समझाइए । 3

## खण्ड - घ

13. पाठों की विषय वस्तु पर आधारित किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(अ) 'सिल्वर वैडिंग' कहानी के नायक यशोधर बाबू की किन्हीं तीन चारित्रिक विशेषताओं को उदाहरण सहित लिखिए । 3

(ब) आपके विचार से पढ़ाई-लिखाई के सम्बन्ध में लेखक और दत्ता जी राव का रवैया सही था या लेखक के पिता का ? तर्क सहित उत्तर दीजिए । 3

(स) ''मुअनजो-दड़ो'' के अजायबघर में कौन-कौन-सी वस्तुएँ पाई गईं ? लिखिए । 3

14. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** के उत्तर दीजिए :

(अ) 'शिक्षा, काम तथा प्रगति ने औरतों की आँखें खोली हैं ।'
इस कथन पर अपनी सहमति 'डायरी के पन्ने' पाठ के आधार पर दीजिए । $1\frac{1}{2}$

(ब) 'सिल्वर वैडिंग' कहानी के आधार पर यशोधर बाबू के बारे में आपकी क्या धारणा बनती है ? दिये गये वाक्यों में से आप जिसके भी समर्थन में हों, लिखिए । ( किसी एक बिन्दु पर ) । $1\frac{1}{2}$

(i) यशोधर बाबू पुराने विचारों के हैं, वे सहानुभूति के पात्र नहीं हैं ।

(ii) यशोधर बाबू में नये के प्रति आकर्षण तथा पुराने विचारों को नहीं छोड़ने की भावना दोनों ही हैं । अत: वे सहानुभूति के पात्र हैं ।

(iii) यशोधर बाबू एक आदर्श व्यक्तित्व वाले हैं, नयी पीढ़ी द्वारा उनके विचारों का अपनाना ही उचित है ।

(स) 'जूझ' शीर्षक उचित है या अनुचित, यह स्पष्ट करते हुए इसके नायक की चारित्रिक विशेषता बताइए ( कोई दो चारित्रिक विशेषताएँ ) $1\frac{1}{2}$

15. विषय वस्तु पर आधारित दिए गए प्रश्नों में से किसी **एक** का उत्तर दीजिए :
( उत्तर-सीमा 40 से 60 शब्द )

(अ) ''काश, कोई तो होता जो मेरी भावनाओं को गंभीरता से समझ पाता । अफ़सोस ऐसा व्यक्ति मुझे अब तक नहीं मिला ।'' क्या आपको लगता है कि 'ऐन' के इस कथन में उसके डायरी-लेखन का कारण छिपा है ? 3

(ब) अपने घर और विद्यालय के आस-पास हो रहे उन बदलावों के बारे में लिखें जो सुविधाजनक और आधुनिक होते हुए भी बुजुर्गों को अच्छे नहीं लगते । अच्छा न लगने के कारण क्या होंगे ? 3